प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA

वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email : helpdoc@rbi.org.in

संचार विभाग, केंद्रीय कार्यालय, शहीद भगत सिंह मार्ग, फोर्ट, मुंबई-400001
Department of Communication, Central Office, Shahid Bhagat Singh Marg, Fort, Mumbai-400001 फोन/Phone: 022- 22660502

आज़ादी का अमृत महोत्सव

28 फरवरी 2023

बैंक ऋण का क्षेत्र-वार अभिनियोजन – जनवरी 2023

जनवरी 2023[1] महीने के लिए 40 चुनिंदा अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों से जुटाए गए बैंक ऋण के क्षेत्र-वार अभिनियोजन संबंधी आंकड़ें, जो सभी अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों द्वारा अभिनियोजित कुल खाद्येतर ऋण का लगभग 93 प्रतिशत होता है, विवरण I और II में दिए गए हैं।

वर्ष-दर-वर्ष (व-द-व) आधार पर देखें तो, खाद्येतर बैंक ऋण[2] में जनवरी 2023 में 16.7 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई, जबकि एक वर्ष पहले यह 8.3 प्रतिशत थी।

बैंक ऋण के क्षेत्र-वार अभिनियोजन की मुख्य बातें नीचे दी गई हैं :

- जनवरी 2023 में कृषि और संबद्ध कार्यकलापों के लिए प्रदत्त ऋण में 14.4 प्रतिशत (वर्ष-दर-वर्ष) की वृद्धि हुई, जबकि एक वर्ष पहले यह 10.4 प्रतिशत थी।
- उद्योग क्षेत्र को प्रदत्त ऋण में जनवरी 2023 में 8.7 प्रतिशत (वर्ष-दर-वर्ष) की वृद्धि दर्ज की गई, जबकि यह जनवरी 2022 में 5.9 प्रतिशत थी। आकार के अनुसार देखें तो, बड़े उद्योग को प्रदत्त ऋण में एक वर्ष पहले के 0.2 प्रतिशत की वृद्धि की तुलना में 6.5 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई। मध्यम उद्योगों को प्रदत्त ऋण में पिछले वर्ष के 52.4 प्रतिशत की तुलना में 18.1 प्रतिशत की वृद्धि हुई। सूक्ष्म और लघु उद्योगों को प्रदत्त ऋण में जनवरी 2023 में 15.2 प्रतिशत की वृद्धि (एक वर्ष पहले 23.3 प्रतिशत) दर्ज की गई।
- उद्योग के भीतर, 'मूल धातु और धातु उत्पादों', 'पेय पदार्थ और तंबाकू', 'सीमेंट और सीमेंट उत्पादों', 'रसायन और रासायनिक उत्पादों', 'खाद्य प्रसंस्करण', 'कांच और कांच के बने पदार्थ', 'खनन और उत्खनन', 'पेट्रोलियम, कोयला उत्पादों और परमाणु ईंधन', 'वाहन, वाहन के पुर्जों और परिवहन उपकरण' एवं 'लकड़ी और लकड़ी के उत्पादों' के लिए प्रदत्त ऋण में वृद्धि जनवरी 2023 में पिछले वर्ष के इसी महीने की तुलना में बढ़ी। 'सभी इंजीनियरिंग', 'विनिर्माण', 'रत्न और आभूषण', 'अवसंरचना', 'चमड़ा और चमड़े के उत्पादों', 'कागज और कागज के उत्पादों', 'रबड़, प्लास्टिक और उसके उत्पादों' एवं 'कपड़ा' की ऋण वृद्धि में गिरावट/कमी आई।
- सेवा क्षेत्र को प्रदत्त ऋण एक वर्ष पहले के 5.7 प्रतिशत की तुलना में जनवरी 2023 में 21.5 प्रतिशत (वर्ष-दर-वर्ष) की बढ़ोत्तरी हुई, जो मुख्य रूप से 'एनबीएफसी' द्वारा ऋण उठाव में सुधार की वजह से था।
- वैयक्तिक ऋण वृद्धि जनवरी 2023 में बढ़कर 20.4 प्रतिशत (वर्ष-दर-वर्ष) हुई, जबकि एक वर्ष पहले यह 12.8 प्रतिशत थी, जो मुख्यतः 'आवास' और 'वाहन ऋणों' द्वारा प्रेरित थी।

अजीत प्रसाद
निदेशक (संचार)

प्रेस प्रकाशनी: 2022-2023/1801

[1] आंकड़ें माह के अंतिम रिपोर्टिंग शुक्रवार से संबंधित हैं।

[2] खाद्येतर ऋण के आंकड़ें माह के अंतिम रिपोर्टिंग शुक्रवार हेतु धारा – 42 विवरणी पर आधारित हैं, जिसमें सभी अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक (एससीबी) शामिल हैं।